
# हिंदी विभाग
# गतिविधियाँ
# 2021-22

# हिंदी विभाग गतिविधियाँ 2021-22

| दिनांक | गतिविधियाँ | गतिविधि में शामिल छात्राएँ |
|---|---|---|
| ५ सितंबर २०२१ | शिक्षक दिवस (कविता, दोहे, भाषण) | २५ |
| १५ सितंबर २०२१ | हिंदी दिवस (ऑनलाइन राज्य स्तरीय कविता पाठ) | ३० |
| ११ नवंबर २०२१ | राष्ट्रीय शिक्षा दिवस (कविता पाठ, भाषण) | ४६ |
| १० जनवरी २०२२ | विश्व हिंदी दिवस (निबंध लेखन प्रतियोगिता) ऑनलाइन मोड पर आयोजित की गई। | २० |
| २१ फरवरी २०२२ | अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस (हिंदी भाषा, व्याकरण, साहित्य संबंधित चार्ट, मॉडल पोस्टरों की प्रदर्शनी) | २० |
| 6 मई 2022 | हिंदी विभाग की 64 छात्राएँ MAX सिनेमा सोनीपत में रन-वे मूवी देखने श्रीमती प्रमिला, डॉ० प्रियंका और सुशीला के साथ गई। | |
| 7. 10 जून 2022 | विभाग प्रभारी श्रीमती प्रमिला ने 'कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ' की छात्राओं को 'महिला घरेलू हिंसा' विषय पर व्याख्यान दिया। | |
| 8. जून 2022 | मूल्यवर्धित कोर्स समापन पर छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। | |

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat




Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

# शिक्षक दिवस

## शिक्षक दिवस पर गुरुओं और उनकी शिक्षाओं को याद करें

संवाद सहयोगी, खरखौदा : कन्या कालेज खरखौदा में हिंदी विभाग, यूथ रेड क्रास सेल व महिला प्रकोष्ठ द्वारा संयुक्त रूप से शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डा. योगिता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग अध्यक्ष डा. प्रमिला व डा दर्शना दहिया ने मंच संचालन किया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि पांच सितंबर का दिन विशेष रूप से शिक्षकों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है, जोकि पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस है। इस दौरान डा. योगिता ने कहा कि आज के दिन हम अपने गुरुजनों और उनकी शिक्षा को ना केवल याद करें बल्कि उनको अपने जीवन में अपनाते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें, यही शिक्षकों के प्रति वास्तविक सम्मान होगा। छात्रा कोमल, शिवानी, संजीता, मुस्कान आदि ने कविता दोहे तथा भाषण के माध्यम से शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट किया।

5 Sept 2021

4 सितंबर 2021 को हिंदी विभाग द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया जिसमें 24 छात्राओं ने विभिन्न माध्यमों से शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट किया।

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

अध्यापक दिवस पर विचार रखती श्रीमती प्रमिला



Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

शिक्षक दिवस पर उपस्थित स्टॉफ सदस्य



Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

# 14 सितंबर 2021 : हिंदी दिवस

## हम सभी को हिंदी बोलने में होना चाहिए गर्व

संवाद सहयोगी, खरखौदाः 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मंगलवार को क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें हिंदी बोलने में गर्व महसूस करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया।

कन्या कालेज में हिंदी दिवस पर प्राचार्य डा. सुरेश बूरा की अध्यक्षता में हिंदी विभाग ने हिंदी साहित्य परिषद के तहत राज्य स्तरीय आनलाइन कविता पाठ प्रतियोगिता करवाई। डा. विजय दीप के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता का मंच संचालन हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रमिला ने किया। प्रतियोगिता में विभिन्न कालेजों के 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। डा. प्रमिला व डा. प्रदीप सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। वहीं शहर के एपी गर्ग पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस पर कविता व भाषण प्रतियोगिता कराई गई जिसमें सलोना पहले, दीपिका व दिशा संयुक्त रूप से दूसरे, प्रांजल तीसरे स्थान पर रही। उधर हिंदी दिवस पर डाइट बींसवामील की ओर से एक आनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



कल्पना चावला विद्यापीठ में हिंदी दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य मीनाक्षी आरोड़ा (बाएं) व धर्मराज खत्री (दाएं) ● सौ. स्कूल 15-9-21

डाइट प्राचार्य कुलदीप दहिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में डाइट सीनियर प्रिंसिपल मंजू गुप्ता, एससीईआरटी गुरुग्राम बिजेंद्र गौड़ सहित जिले के सभी खंडों के विभिन्न विद्यालयों से अध्यापकों, विद्यार्थियों व बीआरपी और एबीआरसी ने भाग लिया। डाइट प्राचार्य कुलदीप दहिया ने कहा कि हम सबका उत्तरदायित्व बनता है कि हम केवल हिंदी दिवस या हिंदी पखवाड़े में ही हिंदी को महत्व ना बताएं, हिंदी अपने मन की, भावों की भाषा है और इसका लगातार प्रयोग करते रहें।

इस दौरान बीआरपी हिंदी किरण डारोलिया, एबीआरसी निशा व कविता ने हिंदी पर अपने विचार रखे। वहीं विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। वहीं हिंदी दिवस पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फरमाणा के छात्र अभिजीत सिंह ने खंड स्तरीय नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाया। हिंदी प्राध्यापक राजबीर दहिया के नेतृत्व में प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था।

शहर के कल्पना चावला विद्यापीठ स्कूल में भी हिंदी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई, जिसमें विद्यार्थियों ने हिस्सा लेते हुए हिंदी पर अपनी पकड़ का प्रदर्शन किया। निदेशक धर्मराज खत्री व प्राचार्य मीनाक्षी अरोड़ा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। शहीद दलबीर सिंह राजकीय कालेज में भी हिंदी दिवस पर आनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कालेज प्रभारी किरण सरोहा ने कहा कि हिंदी को महत्व देने की जरूरत है, यह हमें हमारी संस्कार व संस्कृति से जोड़ने का भी काम करती है जिससे कहीं ना कहीं आज की पीढ़ी दूर होती जा रही है।

हिंदी विभाग द्वारा हिंदी साहित्य परिषद् द्वारा ऑनलाइन राज्य स्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विभिन्न महाविधालयों के 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

11/11/2021

NEWS

कन्या महाविद्यालय, खरखौदा में 'हिंदी विभाग' द्वारा 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' मनाया गया। 'मौलाना अबुल कलाम आजाद' के जन्मदिवस पर उनको याद किया गया। इस अवसर पर विभाग द्वारा प्राचार्या डॉ० (श्रीमती) सुरेश बुरा जी की अध्यक्षता में कविता पाठ और भाषण पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच संचालन विभागाध्यक्ष श्रीमती प्रमिला ने किया

इस अवसर प्राचार्या जी ने छात्राओं को शिक्षा के महत्त्व और मौलाना अबुल कलाम आजाद के योगदान के विषय में बताया। श्रीमती प्रमिला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री थे। सन 1947 से 1958 के बीच अपने मंत्रीपद पर रहते हुए उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के विकास में अपना योगदान दिया। वे एक सुधारक, स्वतंत्रता सेनानी, एक विद्वान और प्रख्यात शिक्षाविद थे। उनके शिक्षा में योगदान को देखते हुए 'मानव संसाधन विकास मंत्रालय' ने 2008 से ही 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

इस अवसरपर 56 छात्राएँ उपस्थित रहीं।

भाषण में :- छात्रा नेहा, आशु, आँचल, मनीषा ने भाग लिया।

कविता पाठ में :- छात्रा कुसुमलता, काजल, आँचल, स्वाति आदि छात्राओं ने हिस्सा लिया।


इस अवसर पर हिंदी विभाग से डॉ० विजयदीप, डॉ० प्रियंका तथा श्रीमती सुशीला उपस्थित रहीं।

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

# कन्या महाविद्यालय, खरखौदा (सोनीपत)

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से सम्बद्ध
(NAAC द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त)

विश्व
हिन्दी दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ



Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

**'विश्व हिंदी दिवस'** के उपलक्ष में
हिंदी विभाग द्वारा 'हिंदी साहित्य परिषद्' के तहत

## राज्य स्तरीय ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता

दिनांक: 10 जनवरी, 2022

प्रथम तीन विजेताओं को ई-प्रमाण पत्र दिए जायेंगे।

### निबंध के विषय :-

1. विश्व को परस्पर जोड़ने वाली भाषा: हिंदी
2. जनसंचार माध्यम और हिंदी

### निर्देश :-

1. निबंध की शब्द सीमा 500-700 होनी चाहिए।
2. स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थी ही भाग ले सकते हैं।
2. प्रत्येक महाविद्यालय से केवल 2 प्रतिभागी ही भाग ले सकते हैं।
3. निबंध के अंत में विद्यार्थी का नाम, कक्षा, अनुक्रमांक, महाविद्यालय का नाम, मोबाइल नंबर अवश्य होना चाहिए।
4. सभी प्रविष्टियाँ 10 जनवरी 2022 तक **PDF** के रूप में इस ई-मेल hodhindi2020@gmail.com पर भेजें।
5. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।

सह संयोजक
डॉ. विजयदीप
9355695697

संयोजिका
श्रीमती प्रमिला
9467480574

प्राचार्या
डॉ. (श्रीमती) सुरेश बूरा

विश्व हिंदी दिवस (10 जनवरी, 2022)

NEWS

14/09/2021

कन्या महाविद्यालय, खरखौदा में हिंदी दिवस के अवसर पर प्राचार्या डॉ॰ सुरेश बूरा जी की अध्यक्षता में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी साहित्य परिषद् के तहत राज्यस्तरीय ऑनलाइन कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्षा श्रीमती प्रमिला और डॉ॰ विजयदीप के नेतृत्व में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। मंच का संचालन श्रीमती प्रमिला ने किया। निर्णायक मंडल की भूमिका में श्री कुलवीर छिक्कारा व श्री सुखबीर जी, राजकीय महिला महाविद्यालय, बहु झोलरी (झज्जर) तथा कन्या महाविद्यालय, खरखौदा से श्रीमती प्रमिला रहे।

इस ऑनलाइन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों से 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन प्रतिभागियों को पुरस्कार तथा ई-प्रमाणपत्र प्रदान किए गए साथ ही दो सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। इस कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग कॉमर्स विभागाध्यक्षा डॉ॰ प्रमिला व डॉ॰ प्रदीप का रहा। इस अवसर पर अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

विजेता प्रतिभागी :→

प्रथम स्थान → सिमरन (I·B (PG) College, Panipat)
द्वितीय स्थान → वंशिका (K·M, Kharkhoda)
तृतीय स्थान → विजय कुमार (L·N· Hindu College)

सांत्वना पुरस्कार → 1. कोमल (R·K·S·D (PG) College, Kaithal
2. शिवानी (K·M, Kharkhoda)

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

# KANYA MAHAVIDYALAYA

'A' Grade

Kharkhoda Distt. Sonepat (Haryana)

Ph. 0130-2584110

email : kanyamahavidyalaya@yahoo.in

kmkharkhoda@gmail.com

Website : www.kmkharkhoda.com


Dated 14/9/2021

Ref. No. ..................

It is certified that following participants achieved positions in State Level Hindi Poetic Recitation organized via virtual mode on the occasion of Hindi Diwas - 14/09/2021

| Sr. No. | Position | Name | College Name |
|---|---|---|---|
| 1 | 1st | Simran | I.B (P.G) College Panipat |
| 2 | 2nd | Vanshika | Kanya Mahavidyalaya Kharkhoda |
| 3 | 3rd | Vijay Kumar | L.N Hindu College Rohtak |
| 4 | Consolation | Komal | R.K.S.D (P.G) College, Kaithal |
| 5 | Consolation | Shiwani | Kanya Mahavidyalaya Kharkhoda |

Organizing Committee

Mrs. Permila Devi Permila

Dr. Vijaydeep Singh


Principal

Dr. (Mrs.) Suresh Boora

Principal

Kanya Mahavidyalaya

Kharkhoda, Sonipat




Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस'







अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

के अवसर पर हिंदी विभाग की छात्राओं ने हिंदी भाषा, व्याकरण, साहित्य से संबंधित चार्ट, मॉडल पोस्टरों की प्रदर्शनी लगाई।

(21/02/22)

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

# अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस (21/02/22)





Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat





7 April 2022

दैनिक जागरण (सोनीपत) www.jagran.com

**विविध गतिविधियां**

# हिंदी कविता पाठ में शिवानी दूसरे स्थान पर



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में हिंदी कविता पाठ में दूसरा स्थान प्राप्त कर लौटी छात्रा शिवानी के साथ प्राचार्य डा. सुरेश बूरा • जागरण

संस, खरखौदा : कन्या कालेज के वाणिज्य संकाय से तृतीय वर्ष की छात्रा शिवानी ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित हुए इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में हिस्सा लेते हुए हिंदी कविता पाठ में दूसरा स्थान पाया है। प्रमाण पत्र के साथ लौटी छात्रा शिवानी का कालेज प्राचार्य डा. सुरेश बूरा ने स्वागत करते हुए उपलब्धि पर बधाई दी। प्राचार्य ने बताया कि हिंदी विभाग प्रभारी प्रमिला की अगुआई में शिवानी ने इससे पहले जोन यूथ फेस्टिवल में भी दूसरा स्थान पाया था। अब फिर से इंटर जोनल में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपना व कालेज का नाम रोशन किया है। छात्रा शिवानी बीते तीन वर्षों में 27 राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय व अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में हिंदी, हरियाणवी, लोकगीत, दोहा उच्चारण में अपनी प्रतिभा के बल पर पुरस्कार जीत चुकी है। यह न केवल हिंदी विभाग के लिए बल्कि पूरे कालेज के लिए गर्व का विषय है।


हिंदी विभाग की छात्रा शिवानी ने श्रीमती प्रमिला के नेतृत्व में 'इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल' में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat




महाविद्यालय की 65 छात्राएँ हिंदी विभाग के सदस्यों श्रीमती प्रमिला, डॉ० प्रियंका तथा सुशीला के साथ एक दिन के शैक्षणि[क]
भ्रमण पर सोनीपत गई इस दौरान छात्राओं ने मैक्स सिनेमा में 'रन-वे' मूवी का भी आनंद लिया।

...avidyalaya
... Sonipat




Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

# KANYA MAHAVIDYALAYA

'A' Grade

Kharkhoda, Distt. Sonipat (Haryana)

Ph.: 0130-2584110
2584044

E-mail: kanyamahavidyalaya@yahoo.in
kmkharkhoda@gmail.com

Website: www.kmkharkhoda.com


Dated 06.05.2022

Ref. No. ..................

To Whomsoever It May Concern

Certified that a group of 64 students and 06 teachers from Kanya Mahavidyalaya Kharkhoda will visit Max Cinema Hall Sonipat for watching the movie Runway on 06.05.2022. Please give concession which is to be given to girls' students as per rules.

Thanking you.

Principal

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

विस्तृत व्याख्यान दिनांक 10/6/2022

# घरेलू हिंसा से बचने के लिए शिक्षित होना जरूरी

संवाद सहयोगी, खरखौदा: शहर के कन्या कालेज में शुक्रवार को कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की ओर से घरेलू हिंसा विषय को लेकर एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। कालेज उप प्राचार्य डा. योगिता की अध्यक्षता में हिंदी विभाग प्रभारी प्रमिला द्वारा घरेलू हिंसा के कारण और उपाय पर अपने विचार रखे गए। उन्होंने कहा कि घरेलू हिंसा के दायरे में सभी परिवार आते हैं। कहीं पर शारीरिक, किसी पर मानसिक तो किसी पर आर्थिक हिंसा होती है। महिलाएं व बच्चे इसके सबसे ज्यादा शिकार होत हैं। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं पर होने वाली घरेलू हिंसा के बारे में जानकारी दी और कहा कि अगर महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचना है तो उन्हें सबसे पहले शिक्षित होना होगा। क्योंकि अशिक्षित महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी ही नहीं होती है और बगैर जानकारी के उन्हें पता ही नहीं होता कि उनके साथ यह गलत हो रहा है और वह इसके खिलाफ अपनी आवाज उठा सकती हैं। इस अवसर पर डा. योगिता ने कहा कि कानूनी साक्षरता जैसे प्रकोष्ठों का मूल उद्देश्य ही यही है कि कालेज में पढ़ने के लिए आने वाली छात्राओं को उनके अधिकारों व गलत-ठीक के बारे में बताया जा सके।

11 June 2022

महाविद्यालय के हिंदी विभाग से प्रभारी श्रीमती प्रमिला ने कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के तहत 'महिला घरेलू हिंसा कारण और उपाय' विषय पर विस्तृत व्याख्यान देकर छात्राओं को जागरूक किया।

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat


KANYA MAHAVIDYALAYA KHARKHODA
निकास
INDIA
WORLD HERITAGE
CULTURAL AND NATURAL SITES
GPS Map Camera
Kharkhoda, Haryana, India
VWJ6+RRX, Kharkhoda, Haryana 131402, India
Lat 28.882679°
Long 76.912512°
08/06/22 12:38 PM
Google
Sonipat Rd